# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 05.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

**मुख्य समाचार''**

- विश्व पर्यावरण दिवस पर आज शिमला में एंटी चिट्टा व पर्यावरण जागरूकता मिनी मैराथन का हुआ आयोजन
- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा–पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यक्तिगत रूप से सभी को करने होंगे प्रयास–नशे के खिलाफ पुलिस के प्रयासों को भी सराहा।
- प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व सीपीएस नीरज भारती ने प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा–सरकार की कार्यशैली पर उठाए सवाल।
- प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश–नगर निकायों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव में विधायक नहीं डाल सकेंगे वोट
- प्रदेश के कई स्थानों पर आज अंधड़, बारिश और ओलावृष्टि का आरेंज अलर्ट।

### पर्यावरण दिवस

आज पूरी दुनिया में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है। यह हर साल 5 जून को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 1973 में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के तहत की गई थी। इस दिवस का उद्देश्य पृथ्वी पर जीवन को सुरक्षित रखने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। यह दिन पर्यावरण की रक्षा के लिए वैश्विक स्तर पर सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करता है।

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर राजधानी शिमला में एंटी चिट्टा व स्वच्छ पर्यावरण जागरूकता मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने इस मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जबकि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विजेताओं व प्रतिभागियों को सम्मानित करेंगे।

### राज्यपाल

इस बीच, राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने मैराथन के दौरान उपस्थित युवाओं व लोगों को पर्यावरण संरक्षण व नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी

की जिम्मेदारी है और इस धरती मां के संरक्षण के लिए सबसे पहले व्यग्तिगत रूप से प्रयास करने होंगे। उन्होंने नशे के खिलाफ हिमाचल पुलिस के प्रयासों व युवाओं की भागीदारी की भी सराहना की।

## पौधरोपण

इस बीच पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उददेश्य से भाजपा प्रदेश भर में एक माह का पौधरोपण अभियान चलाएगी। इस अभियान में जनभागीदारी से हजारों पौधे रोपे जाएंगे। प्रदेश भाजपा के अनुसार इस दौरान विभिन्न जिलों, मंडलों व बूथ स्तर तक पौधरोपण कार्यक्रम के जरिए आम जनमानस को पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। इस बीच, प्रदेश भाजपा नेतृत्व सहित जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी आज विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान पौधरोपण करेंगे। दूसरी ओर, आज प्रदेश भर में भी विश्व पर्यावरण दिवस पर जगह–जगह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें स्वयंसेवी संस्थाएं, महिला, युवक मंडल व अन्य लोग पौधरोपण कर रहे हैं।

## इस्तीफा

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व सीपीएस नीरज भारती ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की है। नीरज भारती ने लिखा है कि ये फैसला उनके लिए आसान नहीं था, क्योंकि वे हमेशा से कांग्रेस पार्टी के लिए एक निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते रहे हैं। उन्होंने प्रदेश में कांग्रेस सरकार के पिछले साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की कार्यशैली और नेतृत्व क्षमता पर असंतोष व्यक्त किया। गौरतलब है कि नीरज भारती के पिता चंद्र कुमार प्रदेश सरकार में कृषि मंत्री हैं।

## हाईकोर्ट

प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार के उस आदेश पर रोक लगा दी है जिसके तहत स्थानीय विधायक को संबंधित नगर परिषद या नगर पंचायत चुनाव में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव में वोट डालने का अधिकार दिया है। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने इस मुददे से जुड़ी विभिन्न याचिकायों की सुनवाई के बाद ये आदेश जारी किए हैं। न्यायालय के इन आदेशों के बाद विधायक संबंधित नगर परिषद व नगर पंचायत के अध्यक्ष–उपाध्यक्ष के चुनाव में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। न्यायालय ने राज्य सरकार व राज्य चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि प्रदेश के नगर निकायों में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को बिना किसी बाधा के पूरा करें। ये चुनाव केवल निर्वाचित पार्षदों की इच्छा और बहुमत के आधार पर ही होगा। मामले की अगली सुनवाई 17 जुन को होगी।

**शिविर**

लाहौल–स्पीति जिले की दुरस्थ पिन वैली में तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर व आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेवा इंटरनेशनल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान जहां कई इलाकों में ग्रामीण लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की जा रही है, वहीं विद्यालयों में विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के उदेश्य से भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। अधिक ब्यौरे के साथ जिला संवाददाता –

**यादविंदर गोमा**

युवा सेवाएं व खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा है कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के हर गांव का विकास और जनआकांक्षाओं को पूरा करना उनकी विशेष प्राथमिकता है। ये बात उन्होंने ग्राम पंचायत द्रमण के शिव मंदिर सुभाष नगर परिसर में नवनिर्मित शैड के लोकार्पण के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में जमीनी विकास के लिए स्थानीय प्रचायत प्रतिनिधियों की भूमिका सबसे अहम होती है।

**विधिक सेवा प्राधिकरण**

लोगों को मुफत कानूनी सहायता प्रदान करने के साथ–साथ चंबा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जलस्त्रोतों की स्वच्छता व संरक्षण को लेकर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया है। इसी कड़ी में पर्यटन नगरी डल्हौजी स्थित सुभाष बाओली में जल स्त्रोतों की सफाई के साथ इसके संरक्षण को लेकर लोगों को भी जागरूक किया गया।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज बादल छाए हैं और कहीं–कहीं रूक–रूक कर बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने कुल्लू, मंडी, शिमला और सिरमौर में आज अंधड़, बारिश व ओलावृष्टि का आरेंज अलर्ट जबकि चंबा, कांगड़ा और सोलन में येलो अलर्ट जारी किया है। कल छह जून को भी प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में गरज–चमक के साथ बारिश और आंधी चलने की आशंका है। मौसम के तेवरों से तापमान में गिरावट आने से निचले व मैदानी क्षेत्रों में लोगों को गर्मी से राहत मिल रही है। वहीं, किसान इस बारिश को मक्की की बिजाई के लिए फायदेमंद बता रहे हैं।

**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**

अमर उजाला ने प्रदेश हाईकोर्ट के आदेश को सुर्खी दी है–**नगर निकायों के अध्यक्ष–उपाध्यक्ष चुनाव में विधायकों को वोट डालने का अधिकार नहीं।** दैनिक भास्कर लिखता है–**नगर परिषद–नगर पंचायत अध्यक्ष चुनाव में विधायक नहीं डाल सकेंगे वोट।**

पंजाब केसरी ने खबर दी है–**हिमाचल में लघु एवं सीमांत किसानों के भूमि कब्जे नियमित करने की नीति तैयार।** वहीं, दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–**रेगुलर होगा छोटे किसानों का भूमि अतिक्रमण–20 बीघा की अधिकतम सीमा के साथ सरकार की नई पॉलिसी तैयार।**

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- विश्व पर्यावरण दिवस पर आज शिमला में एंटी चिट्टा व पर्यावरण जागरूकता मिनी मैराथन का हुआ आयोजन

- राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने कहा–पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यक्तिगत रूप से सभी को करने होंगे प्रयास–नशे के खिलाफ पुलिस के प्रयासों को भी सराहा।

- प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व सीपीएस नीरज भारती ने प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा–सरकार की कार्यशैली पर उठाए सवाल।

- प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश–नगर निकायों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव में विधायक नहीं डाल सकेंगे वोट

- प्रदेश के कई स्थानों पर आज अंधड़, बारिश और ओलावृष्टि का आरेंज अलर्ट।